## एक नजर में

### निगम का विशेष सम्मेलन आज, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर होगा मंथन

**रतलाम।** नगर निगम का विशेष सम्मेलन आज 18 अप्रैल को प्रातः 11 बजे निगम सभागार में आयोजित होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा करेंगी। सम्मेलन की शुरुआत डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी। इसके बाद 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार 10 से 25 अप्रैल 2026 तक 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में यह विशेष सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, सशक्तिकरण और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका को लेकर विचार-विमर्श होगा। साथ ही अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सुझाव भी साझा किए जाएंगे। गौरतलब है कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान कर उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है, जिससे लोकतंत्र को और अधिक मजबूत व समावेशी बनाया जा सके।

### प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने प्रशासनिक कार्य की सुविधा की दृष्टि से प्रभारी तहसीलदार सहदेव मौरे को तहसील जावरा में तहसीलदार के पद पर एवं नायब तहसीलदार पारस वैश्य को अनुविभाग सैलाना में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के पद पर आगामी आदेश तक पदस्थ किया है।

### सुरक्षा अभियान के तहत कुओं पर लगाए गए रेडियम स्टिकर

**रतलाम।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जिले में सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कुओं पर रेडियम स्टिकर लगाए गए, ताकि रात्रि के समय उनकी दृश्यता बढ़े और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। इस दौरान बड़ी संख्या में कुओं को चिन्हित कर उन पर स्टिकर लगाए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे सतर्कता बरतें और आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएं, जिससे दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित हो सके।

### उपार्जन के लिए 10696 किसानों ने किए स्लाट बुक

**रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। आज दिनांक तक जिले में कुल 3555 किसानों से 14221 टन गेंहू खरीदी की गयी। अब तक कुल 10696 किसानों द्वारा स्लाट बुक किये गये है।

### कैलाशमान बावडी में जमी गंदगी विशेष सफाई अभियान के तहत हटाई



**जावरा।** शासन निर्देशानुसार जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुंओ, बावडी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित किया जा रहा है। इसी तारत य में नगर पालिका परिषद जावरा द्वारा अभियान अंतर्गत निकाय स्वामित्व की कैलाशमान बावडी में शुक्रवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को बढावा देना तथा नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढाने के उदेश्य के साथ अभियान आयोजित किया गया है। अभियान दौरान बावडी में जमी गंदगी एवं अन्य कचरे को हटाया गया। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि जल स्त्रोतों में कचरा न डाले और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करे। अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष अनम मोह मद युसुफ कडपा, मु य नगर पालिका अधिकारी चन्द्रशेखर सोनिस, नगर पालिका स्वास्थ्य सभापति यास्मीन इमरान कबाडी, जलकार्य सीवरेज सभापति मो. मुस्तकीम मन्सूरी, नपा प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक लोकेश कुमार विजय, पार्षद प्रतिनिधि दशरथ कसानिया, जलप्रदाय सुपरवाईजर फतेहलाल, सफाई दरोगा मांगीलाल वाघेला, नन्दलाल धाकड, दिनेश धाकड आदि नगर पालिका कर्मचारी ने उक्त अभियान में अपनी सहभागिता की।

### शा .उ .मा .वि . पिपलिया जोधा में ज्ञानदीपों का अभिनंदन, पालकों का हुआ समान

**जावरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया जोधा के प्रांगण में बुधवार को एक गौरवमयी बेला का साक्षी बना, जब माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 2025-26 में अपने प्रखर ज्ञान से विद्यालय का मान बढ़ाने वाले मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके जन्मदाताओं का शाल-श्रीफल से आत्मीय अभिनंदन किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में प्राचार्य एवं आचार्यवृंद ने इन तपस्वी विद्यार्थियों के माता-पिता को शाल एवं श्रीफल अर्पित कर कृतज्ञता ज्ञापित की। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा, किसी भी वृक्ष के पल्लवित होने में उसकी जड़ों का सिंचन अनिवार्य है। उसी प्रकार एक विद्यार्थी की सफलता के मूल में उसके पालकों का निःस्वार्थ त्याग, संस्कार और सतत मार्गदर्शन ही होता है। इस पुनीत अवसर पर विद्यालय के समस्त गुरुजन अशोक कुमार बंसल, सुश्री कुसुम जैन, ओमप्रकाश परमार, मुकेश धाकड़, श्रीमती संगीता घोड़ावत, प्रहलाद रोडवाल मुकेश चौधरी, साधना पांडे, नारायण परमार, नवीन बैरागी, श्री देवराम मथानिया, सुरेंद्र सिंह डोडिया, सुरेश बाबू एवं गोपाल सियार की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मेधावियों को आशीर्वचन एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं। समापन वक्तव्य में प्रभारी प्राचार्य श्री ओमप्रकाश परमार ने कहा कि यह स्वर्णिम परिणाम गुरुजनों की साधना, विद्यार्थियों की तपस्या और पालकों के सहयोग की त्रिवेणी का सुफल है। कक्षा दशम् के गौरव कुमारी दिव्यांशी कुमावत ने 91.6अंक अर्जित कर विद्यालय को शीर्ष पर स्थापित किया, कुमारी सेजाद मंसूरी ने 83.4 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, कुमारी प्रियंका धाकड़ ने भी 78.8 प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# 72 घंटे में डबल एक्शन : हत्या और लूट कांड का पर्दाफाश

▶ **मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक फरार**




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के बाजना थाना क्षेत्र में हुई दो सनसनीखेज वारदातों का पुलिस ने महज 72 घंटे के भीतर खुलासा कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या और लूट के मामलों में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

पुलिस के अनुसार पहली घटना 13 अप्रैल की है, जब जावरा से शादी समारोह से लौट रहे कादर खां और उनकी पुत्री को ग्राम रतनगढ़ पीठ स्थित माही नदी पुल पर बदमाशों ने रोक लिया। आरोपियों ने चाकू की नोक पर करीब 20 हजार रुपये नकद, आभूषण और जरूरी दस्तावेज लूट लिए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

दूसरी घटना 14 अप्रैल को बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम देवीपाड़ा में सामने आई, जहां शादी समारोह में डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने सुनील झोड़िया पर पत्थर और चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

**फरार आरोपी की तलाश जारी**

एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर निलेश झोड़िया, शंभु भाभर, सुभाष सिंगाड़ और तोलु खराड़ी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं। एक अन्य आरोपी अश्विन कटारा फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### टीम का सराहनीय प्रदर्शन

कार्रवाई में थाना प्रभारी बाजना निरीक्षक मनीष डावर, निरीक्षक सुरेन्द्र गडरिया (रावटी), निरीक्षक अर्जुन मेमलिया (सरवन), उपनिरीक्षक रामसिंह खपेड़, सहायक उपनिरीक्षक योगेश निनामा सहित पुलिस बल और साइबर सेल की टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## जनगणना प्रशिक्षण से अनुपस्थित 3 कर्मचारियों पर कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' के तहत चल रहे प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले तीन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। जिला नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान दोपहर बाद बिना पूर्व सूचना के प्रशिक्षण से अनुपस्थित पाए जाने पर अस्मित लॉरेंस (सहायक वर्ग-3, पीएचई विभाग), मुकुल यादव एवं राजकुमार मेहरा (सहायक राजस्व निरीक्षक, नगर निगम रतलाम) के विरुद्ध जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इसी बीच जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिकों को स्व-गणना (Self Enumeration) की सुविधा भी दी गई है। इसके तहत 16 से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिक निर्धारित वेब पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, नगर निगम रतलाम ने बताया कि इस प्रक्रिया से जनगणना कार्य में पारदर्शिता और जनसहभागिता बढ़ेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्व-गणना पोर्टल का उपयोग कर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।



**कलेक्टर ने की स्व-गणना, नागरिकों से भागीदारी की अपील**

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने जनगणना 2027 के तहत शुरू हुए स्व-गणना अभियान में स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण कर पहल की। उन्होंने जिले के नागरिकों और शासकीय कर्मचारियों से अपील की कि वे 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए सभी की भागीदारी बेहद जरूरी है।



## खिलाड़ियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर दिया सशक्तिकरण का संदेश

**रतलाम।** शासन द्वारा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ अंतर्गत खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा नेहरू स्टेडियम रतलाम पर युवा वर्ग के द्वारा नारी शक्ति वंदन दीवार तैयार कर खेल विभाग द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्रों की महिला खिलाड़ियों, महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य विभाग की महिलाओं द्वारा दीवार पर संदेश लिखकर व हस्ताक्षर कर किए गए। कार्यक्रम में खेल विभाग के मलखंब प्रशिक्षक जितेंद्र धूलिया, निर्मला डामोर, एथलेटिक्स खेल प्रशिक्षक, हॉकी प्रशिक्षक कृष्णा गोपाल तिवारी, ग्रामीण युवा समन्वयक श्रीमती दुर्गा डामोर, ममता सिंह, महिला में बाल विकास विभाग से श्रीमती भारती डांगी, रवींद्र कुमार मिश्रा, परियोजना अधिकारी श्रीमती चेतना गेहलोत, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रियंका बैरागी, ज्योति सोनी, पर्यवेक्षक फ़िरदौस खान, गायत्री शर्मा सहित आगंनवडी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### बाउण्ड्रीवॉल बनेगी और लगेंगे पेवर ब्लॉक

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 11 डोंगरे नगर पानी की टंकी के पास ऋण महादेव मंदिर उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल एवं पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, महापौर परिषद सदस्य मनोहरलाल राजू सोनी, क्षेत्रिय पार्षद बलराम भट्ट व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि डोंगरे नगर पानी की टंकी के पास ऋण महादेव मंदिर उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य पुरा होने के बाद उद्यान परिसर सुरक्षित होकर नागरिकों के लिए लाभदायी सिद्ध होगा। उन्होने कहा कि नागरिकों के हित में नगर निगम परिषद विकास कार्य करवा रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने रतलाम नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। भूमि पूजन के अवसर पर बंटी, जगदीश टांक, जोशी काकी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रिय नागरिक उपस्थित थे।

## शिविर में 62 महिलाओं, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

▶ **पोषण पखवाड़ा अंतर्गत नि:शुल्क परीक्षण शिविर का आयोजित**

रतलाम । संचालनालय आयुष म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ दाताराम जयंत के मार्गदर्शन में आज 17 अप्रैल को शासकीय आयुष औषधालय व एचडब्ल्युसी सुजलाना द्वारा आंगनवाड़ी में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि कलाल एवं डॉ नरेन्द्र गढ़वाल द्वारा कुल 62 महिलाओं तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित पोषण का महत्व बताते हुए ऋतु अनुसार आहार-विहार की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान विभिन्न जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगानुसार आयुर्वेदिक औषधि प्रदाय की गयी। शिविर में दवासाज श्रीमती सुनीता तँवर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा गणावा, सहायिका राजू बाई, तथा आशा कार्यकर्ता अनीता गणावा द्वारा सेवाएं दी गई।

### विकृत एवं राष्ट्रविरोधी मानसिकता के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन

**रतलाम।** देश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार घट रही आपराधिक, लव जिहाद, अवैध एवं सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली घटनाओं के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद - बजरंग दल ने धरना प्रदर्शन किया गया। बजरंग दल ने प्रशासन और सरकार के समक्ष राष्ट्र विरोधी मानसिकता रखने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर तुरंत एक्शन लिया जाए। डालूमोदी बाजार चौराहे पर हुए धरना प्रदर्शन के पश्चात तहसीलदार ऋषभ ठाकुर को ज्ञापन दिया गया। धरना प्रदर्शन में प्रांत, विभाग, जिला प्रखंड के सभी पदाधिकारी व दायित्व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सेंट स्टीफेंस स्कूल की सृष्टि सिलावट का मंत्री निर्मला भूरिया ने किया सम्मान

**रतलाम।** शहर के इंदिरा नगर स्थित सेंट स्टीफेंस स्कूल की मेधावी छात्रा सृष्टि सिलावट ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 488 अंक अर्जित कर प्रदेश में तीसरा स्थान एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में सृष्टि सिलावट को विशेष रूप से मंच पर सम्मानित किया गया। मंत्री भूरिया ने उनकी सफलता की सराहना करते हुए कहा कि आज बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं और सृष्टि जैसी छात्राएं समाज के लिए प्रेरणा हैं। सेंट स्टीफेंस स्कूल का इस वर्ष परीक्षा परिणाम भी अत्यंत शानदार रहा है। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। सृष्टि की इस सफलता ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को भी साबित किया है।ҫ विद्यालय प्रबंधन के संजय उपाध्याय ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। स्कूल परिवार ने सृष्टि के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## सरवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना 'रेफर हॉस्पिटल'

▶ **एक डॉक्टर के भरोसे 100 से ज्यादा गांव**

**सुधार नहीं होने पर शीघ्र ही आंदोलन शुरू करेंगे : विधायक**

**नवभारत न्यूज**

**सरवन।** जिले के सरवन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत लगातार चिंताजनक बनी हुई है। लगभग 100 से 150 गांवों की स्वास्थ्य सेवाओं का भार इस एकमात्र अस्पताल पर है, लेकिन यहां सिर्फ एक ही डॉक्टर, डॉ. रविंद्र डामोर पदस्थ हैं। इतनी बड़ी आबादी के मुकाबले यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त सुविधा और स्टाफ के अभाव में मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद ही रतलाम रेफर कर दिया जाता है। खासकर इमरजेंसी के मामलों में समय पर उचित इलाज नहीं मिल पाने से मरीजों की जान पर बन आती है और कई बार रास्ते में ही हालत गंभीर हो जाती है।

क्षेत्र के विधायक कमलेश्वर डोडियार ने भी सरवन में डॉक्टरों और स्टाफ की कमी को लेकर कई बार मांग उठाई है, लेकिन इसके बावजूद अब तक जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नतीजतन, क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल बनी हुई हैं। डोडियार ने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएँ नहीं सुधरी तो शीघ्र ही जन आंदोलन का रास्ता अपनाएँगे।

इस स्थिति का फायदा उठाकर झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हो गए हैं, जो बिना पर्याप्त योग्यता के ग्रामीणों का इलाज कर रहे हैं, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द अतिरिक्त डॉक्टरों की नियुक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की मांग की है, ताकि सरवन का यह अस्पताल 'रेफर सेंटर' बनने के बजाय वास्तविक उपचार केंद्र बन सके।

## सैलाना कांग्रेस की कमान सुशील मांडोत को

▶ **नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर**



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) रतलाम के अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत द्वारा जारी आदेश के तहत सैलाना शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर सुशील मांडोत की नियुक्ति की गई है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के बाद नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील मांडोत को नगर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देते हुए विश्वास जताया गया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में गति मिलेगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने यह नियुक्ति संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और शहर में पार्टी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मांडोत पार्टी की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस नियुक्ति के साथ ही सैलाना नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा का संचार हुआ है और इसे आगामी चुनावों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**एक नजर में** ▶ **ठेकेदार से पेमेंट संबंधी विवाद के चलते नागरिकों को नहीं मिल रहा स्विमिंग पूल का लाभ**

## 2 करोड़ 11 लाख की लागत से बना स्विमिंग पूल बंद पड़ा

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** पूर्व परिषद द्वारा जावरा नगर के नागरिकों और युवाओं को 2 करोड़ 11 लाख की लागत से स्विमिंग पूल की सौगात प्रदान की थी, दुर्भाग्य है कि नगरपालिका की लापरवाही के कारण भीषण गर्मी में स्विमिंग पूल बंद है, जबकि अप्रैल-मई में तो युवाओं के लिए स्विमिंग पूल चालू होना चाहिए। लेकिन टेंडर प्रक्रिया और पूर्व ठेकेदार से पेमेंट संबंधी विवाद के चलते गर्मी के मौसम में जावरा के नागरिकों को स्विमिंग पूल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ये बाते पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल दसेड़ा ने नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंद्रशेखर सोनिस से मुलाकात में कही। उन्होने सीएमओ को बताया कि जब स्विमिंग पूल तैयार हो गया था और कोई टेंडर नहीं डाल रहा था तब स्विमिंग पूल का सफल संचालन नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा किया गया था। निवेदन है कि पुन: नगरपालिका कर्मचारियों सें स्विमिंग पूल का संचालन करवाकर जावरा के नागरिकों को सुविधा दी जाए। अगर समय रहते स्विमिंग पूल चालू नहीं किया गया तो धीरे धीरे वह क्षतिग्रस्त होता जाएगा। दसेड़ा ने कहा, पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा अविकसित कालोनियों में नामांतरण किए जा रहे थे लेकिन वर्तमान परिषद द्वारा अविकसित कालोनियों में नामांतरण नहीं कर रहे हैं और नहीं भवन निर्माण परमिशन दी जा रही है, जिससे नगर पालिका को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है और नामांतरण नहीं होने से जावरा के सैकड़ों नागरिक परेशान हो रहे है। जिससे प्रापर्टी मार्केट भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जबकि मध्यप्रदेश राज पत्र 13 जनवरी 2022 के नियम 16 में पूर्व नियमों को सरलीकरण करते हुवे अविकसित कालोनी में अगर कालोनाइजर कालोनी काटने के पहले सभी नियमों का पालन करते हुवे कालोनी विकास की अनुमति प्राप्त कर लेता है तो भवन निर्माण अनुज्ञा दी जा सकती हैं।



**लाखों रुपए की होगी आय प्राप्त**

नगर पालिका अध्यक्ष अनम युसुफ कडपा मु य नगरपालिका अधिकारी चंद्रशेखर सोनिस, चेयरमेन- पार्षद, एल्डरमैनो से दसेडा ने निवेदन किया है कि स्विमिंग पूल तुरंत चालू करे। अविकसित कालोनियों में नामांतरण एवं भवन निर्माण परमिशन मध्यप्रदेश राज पत्र 13 जनवरी 2022 नियम 16 अनुसार चालू करे ,ताकि नगर पालिका परिषद को लाखों रुपए की आय प्राप्त होगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2 में नियम 319 अनुसार सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2 का लाभ मिलेगा।